# <u>कौन बनेगा करोड़पति सीजन 18 (2026)</u>
# <u>बार-बार पूछे जाने वाले प्रश्न</u>

## <u>रजिस्ट्रेशन</u>

प्रश्न. CFE क्या है?

उत्तर. CFE दो अलग-अलग पंजीकरण प्रक्रियाएँ हैं, जिनके माध्यम से कोई भी पंजीकरणकर्ता KBC-18 में भाग लेने का मौका पा सकता है। CFE में भाग लेने वाले पंजीकरणकर्ता नीचे दिए गए शेड्यूल के अनुसार व्हाट्सएप या सोनीलिव के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं।

प्रश्न. CFE के लिए कौन रजिस्टर करा सकता है?

उत्तर. भाग लेने के लिए, प्रतिभागी को ये शर्तें पूरी करनी होंगी:

- भारतीय नागरिक होना चाहिए।
- भारत का निवासी होना चाहिए।
- आयु 9 मार्च 2026 को या उससे पहले 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
- शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए।
- केवल अपने ही तरफ़ से भाग ले सकता है (किसी अन्य के स्थान पर भाग लेना अनुमत नहीं है)।

प्रतिभागी पात्र *नहीं* होगा यदि:

- यदि प्रतिभागी शो (किसी भी सीज़न) के सभी शेड्यूल में ऑडिशन राउंड तक एक से अधिक बार पहुँच चुका है।
- यदि प्रतिभागी किसी भी पिछले सीज़न में केबीसी हिंदी के एक बार भी हॉट सीट तक पहुँच चुका है।

**CFE**

प्रश्न. रजिस्ट्रेशन के लिए लाइनें कब खुल जाएंगी?

उत्तर. **पहले राउंड** के लिए रजिस्ट्रेशन लाइनें (व्हाट्सएप और सोनीलिव ऐप) 9 मार्च, 2026, को रात 21:00:00 बजे पहले प्रश्न के ऑन एयर होते ही सभी दर्शकों के लिए शुरू हो जाएंगी। ऑन-एयर पूछे जाने वाले रजिस्ट्रेशन प्रश्नों के शेड्यूल की अवधि निम्नानुसार होगी:

| प्रश्न | विवरण | लाइनें खुलने की तारीख | लाइनें खुलने का समय | लाइनें बंद होने की तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य | 09-मार्च-26 | रात 09:00 बजे | 10-मार्च-26 |
| 2 | सामान्य | 10-मार्च-26 | रात 09:00 बजे | 11-मार्च-26 |
| 3 | सामान्य | 11-मार्च-26 | रात 09:00 बजे | 12-मार्च-26 |
| 4 | सामान्य | 12-मार्च-26 | रात 09:00 बजे | 13-मार्च-26 |
| 5 | सामान्य | 13-मार्च-26 | रात 09:00 बजे | 14-मार्च-26 |
| 6 | सामान्य | 14-मार्च-26 | रात 09:00 बजे | 15-मार्च-26 |
| 7 | सामान्य | 15-मार्च-26 | रात 09:00 बजे | 16-मार्च-26 |
| 8 | सामान्य | 16-मार्च-26 | रात 09:00 बजे | 17-मार्च-26 |
| 9 | सामान्य | 17-मार्च-26 | रात 09:00 बजे | 18-मार्च-26 |
| 10 | सामान्य | 18-मार्च-26 | रात 09:00 बजे | 19-मार्च-26 |
| 11 | सामान्य | 19-मार्च-26 | रात 09:00 बजे | 20-मार्च-26 |
| 12 | सामान्य | 20-मार्च-26 | रात 09:00 बजे | 21-मार्च-26 |
| 13 | सामान्य | 21-मार्च-26 | रात 09:00 बजे | 22-मार्च-26 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 14 | सामान्य | 22-मार्च-26 | रात 09:00 बजे | 23-मार्च-26 |
| 15 | सामान्य | 23-मार्च-26 | रात 09:00 बजे | 24-मार्च-26 |
| 16 | सामान्य | 24-मार्च-26 | रात 09:00 बजे | 25-मार्च-26 |
| 17 | सामान्य | 25-मार्च-26 | रात 09:00 बजे | 26-मार्च-26 |
| 18 | सामान्य | 26- मई -26 | रात 09:00 बजे | 27-मार्च-26 |

प्रश्न. किस-किस तरीके से रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है?
उत्तर. आप व्हाट्सएप या सोनी लिव ऐप के ज़रिए ऑन-एयर सवाल का जवाब देकर रजिस्टर कर सकते हैं। हालाँकि, केवल पहली वैध एंट्री को ही आगे की शॉर्टलिस्टिंग के लिए माना जाएगा, चाहे एंट्री का तरीका कुछ भी हो। दूसरे राउंड में हिस्सा लेने के लिए सिर्फ़ सोनी लिव एप्लीकेशन का इस्तेमाल किया जाएगा।

| **भागीदारी का तरीका** | **विवरण** |
|---|---|
| सोनीलिव ऐप | सोनीलिव ऐप में डिफाइंड फ्लो के अनुसार। यह ऐप एंड्रॉइड और iOS डिवाइस के लिए उपलब्ध है। |
| व्हाट्सएप | SET चैनल पर CFE के दौरान समय-समय पर उपलब्ध QR कोड को स्कैन करें या +91 8591975331 पर संदेश भेजें। |

*सोनीलिव ऐप गूगल प्ले स्टोर और एपल ऐपस्टोर पर डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध है।

प्रश्न. क्या मैं व्हाट्सएप, सोनी लिव एप्लिकेशन से एक से अधिक बार रजिस्टर कर सकता हूं?
उत्तर. हां, व्हाट्सएप/सोनी लिव एप्लिकेशन से रजिस्ट्रेशन कराने की संख्या पर कोई सीमा नहीं है। हालाँकि, प्रत्येक पंजीकृत मोबाइल नंबर के लिए केवल पहली वैध एंट्री पर विचार किया जाएगा, भले ही प्रत्येक 'कॉल फ़ॉर एंट्री' प्रश्न के लिए उपयोग की गई एंट्री का तरीका कुछ भी हो

प्रश्न. रजिस्ट्रेशन का परिणाम मुझे कब पता चलेगा?
उत्तर. यदि आपके द्वारा दिया गया उत्तर मान्य और सही पाया गया तथा पूर्व-निर्धारित आरक्षण मानदंडों के आधार पर आपको रैंडमाइज़र द्वारा शॉर्टलिस्ट किया गया, तो आपको एसएमएस, व्हाट्सऐप या ईमेल के माध्यम से एक भागीदारी लिंक प्राप्त होगा। आपको उस भागीदारी लिंक पर क्लिक करके अपनी जानकारी दर्ज करनी होगी और दो बहुविकल्पीय प्रश्नों का उत्तर निर्धारित समय सीमा के भीतर देना होगा। समय सीमा से संबंधित निर्देश आपको उक्त एसएमएस, व्हाट्सऐप या ईमेल के माध्यम से दिनांक 27 मार्च 2026 से 3 अप्रैल 2026 तक सूचित किए जाएंगे।

प्रश्न. मुझे पंजीकरण का परिणाम कैसे पता चलेगा?
उत्तर. यदि आपके द्वारा दिया गया उत्तर मान्य और सही पाया गया तथा पूर्व-निर्धारित आरक्षण मानदंडों के आधार पर आपको रैंडमाइज़र द्वारा शॉर्टलिस्ट किया गया, तो हम आपके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस, व्हाट्सऐप या ईमेल के माध्यम से आपसे संपर्क करेंगे।

प्रश्न. यदि मुझे आगे के किसी भी राउंड के लिए चुना जाता है, तो मुझे वापस कॉल कैसे प्राप्त होगा?
उत्तर. केबीसी सीज़न 18 की टीम लेवल 2 और लेवल 3 में शॉर्टलिस्ट किए गए प्रतिभागियों के लिए कॉल-बैक प्रक्रिया एसएमएस, व्हाट्सऐप या ईमेल प्रणाली के माध्यम से आयोजित करेगी। लेवलवार शॉर्टलिस्टिंग और अगले चयन चरणों से संबंधित अधिक जानकारी के लिए कृपया विस्तृत नियम और शर्तों के दस्तावेज़ को देखें।

प्रश्न. पंजीकरण कराने में मुझे कितना खर्च आएगा?

उत्तर. व्हाट्सएप या सोनी लिव एप्लीकेशन से सभी पंजीकरण निःशुल्क होंगे, हालांकि डेटा शुल्क लागू हो सकता है। अधिक जानकारी के लिए कृपया अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

प्रश्न. सोनी लिव एप्लिकेशन पर प्रश्न हल करने के बाद आगे की चयन प्रक्रिया क्या होती है?
उत्तर. सोनी लिव एप्लिकेशन पर बहुविकल्पीय प्रश्नों का प्रयास करने के बाद, रैंडमाइज़र आपके आवेदन को प्रोसेस करेगा। यदि आप शॉर्टलिस्ट किए जाते हैं, तो आपको ग्राउंड ऑडिशन में उपस्थित होना आवश्यक होगा। ग्राउंड ऑडिशन की तिथि और स्थान की जानकारी आपको पंजीकरण के बाद भेजे गए एसएमएस, व्हाट्सएप संदेश या ईमेल में दी जाएगी। आपको निर्धारित समय सीमा के भीतर रिपोर्ट करना अनिवार्य है ताकि आप ग्राउंड ऑडिशन में भाग ले सकें। सत्यापन हेतु आवश्यक दस्तावेज़ साथ लाना ज़रूरी होगा। स्थल पर पंजीकरण करने और दस्तावेज़ सत्यापन प्रक्रिया पूरी करने के बाद, ऑडिशन प्रक्रिया उसी प्रकार आयोजित की जाएगी जैसा कि इस दस्तावेज़ के 'ऑडिशन' अनुभाग में आगे वर्णित है।

प्रश्न. यदि मुझे ग्राउंड ऑडिशन के लिए आमंत्रण प्राप्त नहीं हुआ है और मैं सीधे ऑडिशन स्थल पर पहुँच गया हूँ, तो क्या मुझे भाग लेने की अनुमति दी जाएगी?
उत्तर. नहीं, आप ऑडिशन स्थल पर पंजीकरण नहीं कर सकते। ऑडिशन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए यह अनिवार्य है कि आप लेवल 1 और लेवल 2 पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करें तथा आवश्यक सहमति और दस्तावेज़ उपलब्ध कराएँ।

## **ग्राउंड ऑडिशन**

प्रश्न. मुझे अपने ऑडिशन की तारीख, समय और स्थान कैसे पता चलेगा?
उत्तर. ग्राउंड ऑडिशन (जी.के. टेस्ट + व्यक्तिगत साक्षात्कार) 10 मई, 2026 से 10 जून, 2026 के बीच चयनित ऑडिशन स्थलों पर आयोजित किए जाएँगे। जिन प्रतिभागियों को ऑडिशन के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा, उन्हें ऑडिशन स्थल, तिथि और समय की जानकारी पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस, व्हाट्सऐप या ईमेल के माध्यम से दी जाएगी।
कृपया ध्यान दें कि घोषित तिथियाँ अस्थायी हैं और बाद में बदली जा सकती हैं। कंपनी को अपने विवेकाधिकार पर ऑडिशन स्थल में परिवर्तन/संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित है।

प्रश्न. क्या मैं ऑडिशन के लिए अपना पसंदीदा तिथि और समय चुन सकता हूं?
उत्तर. नहीं। ऑडिशनी स्थल के लिए रजिस्ट्रेशन की तिथि और समय का निर्धारण आयोजक करेंगे और उसे ऑडिशनी की जरूरत के मुताबिक बदला या परिवर्तित नहीं किया जा सकेगा। कल्वर मैक्स इंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड **(“CMEPL”)** द्वारा चुने गए एक शहर का विकल्प सभी शॉर्टलिस्ट किए गए रजिस्ट्रांट्स को मिलेगा। यदि शॉर्टलिस्ट किए गए रजिस्ट्रांट इस विकल्प को अस्वीकार करते हैं तो मान लिया जाएगा कि वह कौन बनेगा करोड़पति सीजन -18 में आगे के राउंड्स में भाग नहीं लेना चाहता।

प्रश्न. मुझे अपने ऑडिशन की तारीख, समय और स्थान कैसे पता चलेगा?
उत्तर. **CFE**
a) CFE से चयनित ऑडिशन प्रतिभागियों को निर्धारित तिथि और समय स्लॉट (सुबह 7:00 बजे से 9:00 बजे तक या दोपहर 1:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक) पर स्थल पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा। यह समय स्लॉट CMEPL द्वारा एसएमएस, व्हाट्सऐप या ईमेल के माध्यम से प्रतिभागियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर सूचित किया जाएगा।

प्रश्न. क्या मैं एक से अधिक बार ऑडिशन के लिए उपस्थित हो सकता हूँ?
उत्तर. नहीं, आप ऐसा नहीं कर सकते। एक बार जब आप किसी खास शहर/स्थल पर ऑडिशन के लिए उपस्थित हो

जाते हैं, तो आप किसी दूसरे शहर/स्थल पर ऑडिशन के लिए उपस्थित नहीं हो सकते। अधिक स्पष्टता के लिए, आप शो के सभी ऑडिशन शेड्यूल में केवल एक बार ही ऑडिशन के लिए उपस्थित हो सकते हैं। यह सभी के लिए लागू है, चाहे उसने CFE में पंजीकरण कराया हो।

प्रश्न. अगर मैं ऑडिशन में भाग लेने में असमर्थ रहता हूं तो क्या होगा?

उत्तर. निर्दिष्ट तिथि और समय पर ऑडिशन में भाग लेने में असमर्थता, केबीसी में आगे भाग लेने की संभावना को खत्म और / या समाप्त कर देगा।

प्रश्न. ऑडिशन में मुझे क्या करना होगा?

उत्तर. b) प्रत्येक ऑडिशनी को एक समयबद्ध जीके टेस्ट (सामान्य ज्ञान टेस्ट) से गुजरना होगा जिसमें आपको कौशल आधारित प्रश्नों का उत्तर देना होगा। ऑडिशन के दूसरे दौर में शॉर्टलिस्ट होने के योग्य होने के लिए सभी ऑडिशनियों को जीके टेस्ट पूरा करना होगा। जीके टेस्ट के अंकों के आधार पर, जीके टेस्ट में कट-ऑफ स्कोर (CMEPL's की टीम द्वारा तय) को पार करने वाले ऑडिशनियों को वीडियो ऑडिशन / निजी साक्षात्कार के लिए चुना जाएगा, जिसे रिकॉर्ड किया जाएगा। कृपया ध्यान दें कि CMEPL किसी भी ऑडिशनी को कट-ऑफ स्कोर बताने के लिए बाध्य नहीं है और वीडियो ऑडिशन के लिए शॉर्टलिस्ट किए जाने वाले ऑडिशनी की वास्तविक संख्या ऑडिशन स्थल पर कंपनी द्वारा बताई जाएगी। यदि चयनित ऑडिशनी लिखित परीक्षा और वीडियो ऑडिशन दोनों को पूरा करने में विफल रहते हैं, तो ऑडिशनी को आगे की भागीदारी से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

*CMEPL अपने विवेकानुसार चयनित ऑडिशनियों के लिए ऑडिशन प्रक्रिया में संशोधन करने या किसी भी कारण से ग्राउंड ऑडिशन में शामिल नहीं हो पाने वाले ऑडिशनियों के लिए ऑनलाइन निजी साक्षात्कार (PI) आयोजित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।*

नोट: ऑडिशनी की भागीदारी के संबंध में यात्रा, आवास और अन्य सभी खर्च, ऑडिशनी की अपनी लागत पर होंगे और केवल ऑडिशनी को ही वैध पहचान और एड्रेस प्रूफ दस्तावेज और फोटोग्राफ जमा करने पर ऑडिशन स्थल में प्रवेश करने की अनुमति होगी।

प्रश्न. मैं ऑडिशन दौर के परिणाम कैसे जानूंगा?

उत्तर. ऑडिशन राउंड के आधार पर शॉर्टलिस्ट किए गए प्रतिभागियों को CMEPL द्वारा सूचित किया जाएगा कि वे शो के फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट राउंड के लिए चयनित हुए हैं।

प्रश्न. क्या ऑडिशन राउंड में मौजूद रहने के लिए सभी खर्च मुझे वहन करना होगा?

उत्तर. हां। ऑडिशंस में मौजूद रहने के लिए प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष तौर पर होने वाले सभी खर्च (यात्रा, परिवहन, लॉजिंग,
रहने, खाने आदि का खर्च) को ऑडिशनी को उठाना होगा।

प्रश्न. ऑडिशन के लिए मुझे कौन से दस्तावेज़ों की आवश्यकता होगी?

उत्तर. प्रत्येक ऑडिशनी को अपने साथ निम्नलिखित दस्तावेज ऑडिशन स्थल पर लेकर आने होंगे:

1) वैध नाम के प्रमाण के लिए (इनमें से कोई भी:

   1. जन्म प्रमाण पत्र के साथ पैन कार्ड
   2. पासपोर्ट
   3. वोटर आईडी
   4. ड्राइविंग लाइसेंस या

5. UID/ आधार कार्ड

2) वैध निवास प्रमाण पत्र के लिए (इनमें से कोई भी):

1. लैंडलाइन फोन/बिजली का बिल
2. पासपोर्ट
3. वोटर आईडी
4. ड्राइविंग लाइसेंस
5. राशन कार्ड या
6. UID/आधार कार्ड

3) रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर के सत्यापन के लिए:

1. UID/आधार कार्ड
2. शो के लिए रजिस्टर करने के लिए इस्तेमाल किए गए फोन बिल की हालिया कॉपी

ऑडिशनी को मूल दस्तावेज और प्रत्येक दस्तावेज की 2 सत्यापित फोटोकॉपी ले जाने की आवश्यकता होगी। सभी उपरोक्त दस्तावेज मात्र हिन्दी या अंग्रेजी में ही होने चाहिए।

(उपरोक्त दस्तावेज/ फोन ए फ्रेंड कैंडिडेट्स के फोटो जमा करने का मतलब यह नहीं है कि ऑडिशनी की इस प्रतियोगिता के अगले चरण में भागीदारी सुनिश्चित नहीं होगी।)

**सामान्य**

प्रश्न. चयन का मानदंड क्या हैं?
उत्तर. चयन का मुख्य मानदंड आपके सामान्य ज्ञान और सम-सामयिक मामलों की समझ है, जिसका मूल्यांकन विभिन्न चरणों में किया जाता है। इसके अलावा, वीडियो ऑडिशन और साक्षात्कार भी होगा जहां आपके व्यक्तित्व और स्क्रीन प्रेजेंस का भी मूल्यांकन होगा।

प्रश्न. यदि मेरे पास कोई प्रश्न है तो मैं किससे पूछ सकता हूं?
उत्तर. कृपया अपने प्रश्नों को *kbcresponse@setindia.com* पर भेजें और हम जल्द से जल्द जवाब देने की कोशिश करेंगे। वैकल्पिक रूप से आप नियम और शर्तें *www.सोनीलिव.com* पर देख सकते हैं।

प्रश्न कौन बनगा करोड़पति को नियंत्रित करने वाले विस्तृत नियमों और शर्तों को मैं कहां पढ़ सकता हूं?
उ. गेम शो के नियम और शर्तों को विस्तार से *www.सोनीलिव.com* पर उपलब्ध कराया गया है

प्र मैं कितनी बार भाग ले सकता हूं?
उत्तर रजिस्ट्रेशन के एक शेड्यूल में ऑडिशन के लिए प्रत्येक रजिस्ट्रांट को केवल एक बार सूचीबद्ध किया जा सकता है। हालांकि, दर्शकों द्वारा पंजीकरण (व्हाट्सएप / सोनी लिव ऐप) के माध्यम से कितनी बार भाग ले सकते हैं, इस पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

प्रश्न. पुरस्कार राशि कौन जीतता है?
उत्तर. जो व्यक्ति हॉटसीट पर बैठता है और पूछे गए सवालों के सही जवाब देता है वह पुरस्कार राशि जीत जाएगा। पुरस्कार राशि कंपनी द्वारा अपने विवेकाधिकार पर तय की जाएगी और सरकारी नियमों के अनुसार कर की कटौती के अधीन होगी।

प्रश्न. कुछ लोग दावा करते हैं कि वे केबीसी में प्रवेश पाने में मदद कर सकते हैं। क्या यह संभव है?

उत्तर. केबीसी में प्रवेश का एकमात्र तरीका रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में भागीदारी के माध्यम से है जैसा कि केबीसी सीजन 18 में नियम और शर्तें गवर्निंग पार्टिसिपेशन में वर्णित है (कृपया *www.सोनीलिव.com* पर हमारे नियम और शर्तों को देखें)। केबीसी में भाग लेने का कोई अन्य तरीका नहीं है। यह पूरी प्रक्रिया एक स्वतंत्र ऑडिट फर्म द्वारा पारदर्शी और निगरानी की जाती है। कोई भी व्यक्ति यह दावा करता है कि वह आपको शो में आने में मदद कर सकता है / वह आपको धोखा दे रहा है। कृपया अपनी स्थानीय पुलिस से संपर्क करें और इस व्यक्ति की रिपोर्ट करें। केबीसी में भागीदारी की कोई एंट्री फीस नहीं है। इस वजह से कोई व्यक्ति यदि दावा करता है कि वह सोनी से है और आपको एंट्री फीस देनी होगी तो वह आपको धोखा दे रहा है। कृपया अपने स्थानीय पुलिस थाने से संपर्क करें और उस व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज करें।

प्रश्न. मुझे व्हॉट्सएप पर एक कॉल/मैसेज आया है कि मैंने केबीसी से एक लॉटरी जीत ली है। क्या यह संभव है?

उत्तर. केबीसी के जरिए पुरस्कार राशि जीतने का इकलौता तरीका केबीसी सीजन 18 में भागीदारी को प्रशासित करने वाले नियम और शर्तें में निर्देशित रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया ही है। केबीसी से पैसा जीतने का कोई और तरीका नहीं है। कोई भी व्यक्ति दावा करता है कि आपने कोई लॉटरी जीती है या लॉटरी का पैसा पाने के लिए आपको कोई राशि जमा करानी होगी, तो वह आपको धोखा दे रहा है। कृपया अपने स्थानीय पुलिस थाने में संपर्क करें और ऐसे व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराएं। केबीसी में भागीदारी के लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं है। इसके अलावा, केबीसी कोई लॉटरी जारी नहीं करता है। इस वजह से कोई भी व्यक्ति यह दावा करता है कि वह सोनी से है और आपको शो के लिए प्रवेश शुल्क देना है या आपने लॉटरी जीती है, तो वह आपको धोखा दे रहा है।

प्रश्न. क्या ऐसे अन्य प्रतियोगिताएँ हैं जिनके माध्यम से मैं शो में भाग ले सकता/सकती हूँ?

उत्तर :

a) आपको शो में भाग लेने का अवसर स्पॉन्सर द्वारा संचालित गतिविधि के माध्यम से मिल सकता है, जो समय-समय पर शो की अवधि के दौरान कंपनी के सहयोग से तृतीय-पक्ष प्रायोजकों द्वारा आयोजित की जाती हैं।
b) ऐसी प्रायोजक-प्रेरित गतिविधियों में पंजीकरण, भागीदारी, चयन प्रक्रिया, विजेता चयन और पुरस्कार वितरण संबंधित तृतीय-पक्ष प्रायोजकों की शर्तों और नियमों द्वारा नियंत्रित होंगे, जो शो की शर्तों और नियमों के अनुरूप होंगे। आप सहमति देते हैं कि इन गतिविधियों के संबंध में कंपनी के विरुद्ध कोई दावा नहीं करेंगे और कंपनी को ऐसे किसी भी दावे से मुक्त रखेंगे।
c) प्रायोजक-प्रेरित गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रविष्टियाँ भेजना, उन गतिविधियों की प्रविष्टि प्रक्रिया के अनुसार, शो की शर्तों और नियमों की स्वीकृति मानी जाएगी।
d) यदि शो की शर्तों और नियमों तथा प्रायोजक-प्रेरित गतिविधियों की शर्तों और नियमों में कोई असमानता होती है, तो कंपनी को ऐसे अंतर को आवश्यकतानुसार सुलझाने का अधिकार होगा।
e) यदि प्रायोजक-प्रेरित गतिविधियाँ प्रतिभागियों को शो में भाग लेने का अवसर प्रदान करती हैं, तो यह स्पष्ट किया जाता है कि CFE के माध्यम से ऑडिशन राउंड के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए प्रतिभागियों को किसी अन्य वैकल्पिक पंजीकरण प्रक्रिया या प्रायोजक-प्रेरित गतिविधि के माध्यम से ऑडिशन राउंड के लिए शॉर्टलिस्ट नहीं किया जाएगा।
g) आप स्पष्ट रूप से स्वीकार करते हैं कि शो के दौरान प्रायोजक-प्रेरित गतिविधियों के अंतर्गत दिए गए पुरस्कार या स्पॉट प्राइज यदि कोई हों केवल तृतीय-पक्ष प्रायोजकों द्वारा प्रदान किए जाते हैं। कंपनी की इनसे संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रतिभागी सहमत होते हैं कि ऐसे पुरस्कारों/स्पॉट प्राइज से संबंधित किसी भी समस्या, दावा, गैर-प्राप्ति, दोष या विवाद की पूरी जिम्मेदारी संबंधित प्रायोजक की होगी और कंपनी के विरुद्ध कोई दावा नहीं किया जाएगा।
h) प्रायोजक-प्रेरित गतिविधियों के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृपया शर्तों और नियमों देखें।

प्रश्न. टीवी पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर देने के बाद मुझे एसएमएस, व्हाट्सऐप या ईमेल प्राप्त हुआ, लेकिन उसके

बाद किसी ने मुझसे संपर्क नहीं किया। क्या इसका अर्थ है कि मेरा चयन हो गया है?

उत्तर. आपको प्राप्त हुआ एसएमएस, व्हाट्सऐप या ईमेल संभवतः इसलिए भेजा गया था क्योंकि आप उन पंजीकृत प्रतिभागियों में शामिल थे जिन्हें कंप्यूटर द्वारा शॉर्टलिस्ट किया गया था। हालांकि, इसका यह अर्थ नहीं है कि आपका चयन अगले चरण के लिए हो गया है। अगले चरण में पहुँचने वाले सफल प्रतिभागियों से हम स्वयं संपर्क करेंगे।

यदि अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न और शो की नियम एवं शर्तों के बीच किसी प्रकार की असंगति होती है, तो कंपनी को यह अधिकार होगा कि वह आवश्यक समझे जाने वाले किसी भी परिवर्तन को, चाहे वह भावी हो या पूर्वव्यापी, लागू कर सके। इस स्थिति में प्रतिभागीयों या योगदानकर्तायों (जैसा कि नियम एवं शर्तों में परिभाषित है) द्वारा कोई दावा या विवाद स्वीकार्य नहीं होगा।